बिहार सरकार
**योजना एवं विकास विभाग**

पत्रांकः योo लेo 03 / 3–30 / 2024– / योoविo, पटना, दिनांक मार्च, 2026

सेवा में,

**महालेखाकार (लेo एवं हo)**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना

विषयः **वित्तीय वर्ष 2025–26 अंतर्गत क्षेत्रीय योजना कार्यालय, अधीक्षण अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, जिला योजना कार्यालय एवं कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यालय अंतर्गत विषय शीर्ष 13–01 कार्यालय व्यय (फर्नीचर एवं उपस्कर) हेतु कुल ₹ 83,45,000 / – (तिरासी लाख पैतालीस हजार रूपये) मात्र की राशि के व्यय एवं विमुक्ति की स्वीकृति।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 अंतर्गत क्षेत्रीय योजना कार्यालय, अधीक्षण अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, जिला योजना कार्यालय एवं कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यालय अंतर्गत विषय शीर्ष 13–01 कार्यालय व्यय (फर्नीचर एवं उपस्कर) हेतु कुल ₹ 83,45,000 / – (तिरासी लाख पैतालीस हजार रूपये) मात्र की राशि के व्यय एवं विमुक्ति की स्वीकृति दी जाती है :–

| क्रo | कार्यालय का नाम | स्वीकृत की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1 | क्षेत्रीय योजना कार्यालय, मगध प्रमंडल, गयाजी | 2,60,000 |
| 2 | क्षेत्रीय योजना कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर | 5,00,000 |
| 3 | क्षेत्रीय योजना कार्यालय, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा | 2,00,000 |
| 4 | अधीक्षण अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, मुंगेर अंचल, मुंगेर | 1,00,000 |
| 5 | अधीक्षण अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भागलपुर अंचल, भागलपुर | 1,10,000 |
| 6 | जिला योजना कार्यालय, नालंदा | 5,00,000 |
| 7 | जिला योजना कार्यालय, भोजपुर | 5,00,000 |
| 8 | जिला योजना कार्यालय, रोहतास | 5,00,000 |
| 9 | जिला योजना कार्यालय, कैमूर | 5,00,000 |
| 10 | जिला योजना कार्यालय, नवादा | 5,00,000 |
| 11 | जिला योजना कार्यालय, जहानाबाद | 5,00,000 |
| 12 | जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद | 2,60,000 |
| 13 | जिला योजना कार्यालय, शिवहर | 5,00,000 |
| 14 | जिला योजना कार्यालय, वैशाली | 5,00,000 |
| 15 | जिला योजना कार्यालय, दरभंगा | 5,00,000 |
| 16 | जिला योजना कार्यालय, समस्तीपुर | 2,00,000 |
| 17 | जिला योजना कार्यालय, बक्सर | 5,00,000 |
| 18 | जिला योजना कार्यालय, अरवल | 1,50,000 |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | जिला योजना कार्यालय, पश्चिम चम्पारण | 5,00,000 |
| 20 | कार्यपालक अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–1, मुंगेर | 5,00,000 |
| 21 | कार्यपालक अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–2, मुजफ्फरपुर | 1,00,000 |
| 22 | कार्यपालक अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–2, बगहा, प0 चम्पारण | 1,00,000 |
| 23 | कार्यपालक अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–1, मधुबनी | 1,00,000 |
| 24 | कार्यपालक अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–1, पटना | 1,65,000 |
| 25 | कार्यपालक अभियंता कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्यप्रमंडल–2, जगदीशपुर, भोजपुर | 1,00,000 |
| | **कुल राशि** | **83,45,000** |

**₹ 83,45,000/– (तिरासी लाख पैतालीस हजार रूपये) मात्र।**

2. उक्त व्यय वित्तीय वर्ष 2025–26 अंतर्गत मुख्य शीर्ष–2053–जिला प्रशासन, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–094–अन्य स्थापनाएँ, मांग संख्या–35, उपशीर्ष–0109–योजना यंत्र का सुदृढ़ीकरण जिला स्तरीय योजना के तहत स्थानीय आवश्यकताओं के आलोक में, विषय शीर्ष–1301 कार्यालय व्यय के अंतर्गत स्वीकृत राशि विपत्र कोड 35–2053000940109 के अंतर्गत विकलनीय होगी, जिसके अंतर्गत बजट उपबंध है।

3. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित कार्यालयों के क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी/अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन/जिला योजना पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन होंगे।

4. उक्त राशि के व्यय एवं विमुक्ति की स्वीकृति उपरोक्त सारणी में वर्णित क्षेत्रीय कार्यालयों के मांग के आलोक में **(फर्नीचर एवं उपस्कर अंतर्गत कुर्सी, टेबल, अलमीरा, फोटो कॉपी मशीन, प्रिंटर, आर0 ओ0 मशीन, इनर्वटर एवं बैट्री के क्रय हेतु ही)** दी गई है। इसी अनुरूप उनके द्वारा राशि का उपयोग किया जाएगा। किसी अन्य मद में इस राशि का उपयोग कदापि नहीं किया जायेगा, अन्यथा इसके लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे।

5. राशि की निकासी एवं व्ययन करने में बिहार कोषागार संहिता तथा बिहार वित्तीय नियमावली के सुसंगत प्रावधानों तथा वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत परिपत्रों (अद्यतन) का अक्षरशः पालन किया जायेगा।

6. संबंधित क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी/संबंधित अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन/संबंधित जिला योजना पदाधिकारी/संबंधित कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन इस योजना पर किये गये व्यय का प्रतिवेदन विभाग को ससमय समर्पित करेंगे।

7. प्रस्ताव पर विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं अपर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार के राज्यपाल के आदेश से

ह0/–

**(डा० नित्यानन्द सिंह)**
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः यो0ले03 / 3–30 / 2024– / यो0वि0,पटना,दिनांक मार्च, 2026

प्रतिलिपिः संबंधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः यो0ले03 / 3–30 / 2024–272 स्वी0 / यो0वि0,पटना,दिनांक 17 मार्च, 2026

प्रतिलिपिः वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना / संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त / मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना / संबंधित जिला पदाधिकारी / संबंधित क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी / संबंधित अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन / संबंधित जिला योजना पदाधिकारी / संबंधित कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन / विभागीय बजट शाखा / आई टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को निदेश दिया जाता है कि इस स्वीकृति को विभाग के साईट पर अपलोड कर दें।

17.3.26

सरकार के उप सचिव